/b>

Title: Need to depute a Central team to review the rural development work in Pratapgarh district, Uttar Pradesh.

श्रीमती राजकुमारी रत्ना सिंह (प्रतापगढ़) : महोदय, ग्रामीण विकास के लिए केन्द्र सरकार करोड़ों रुपये देती है परंतु जिला प्रशासन द्वारा केन्द्र सरकार द्वारा निर्धारित मानकों का पालन नहीं हो रहा है जिसके कारण ग्रामीण विकास का काम जो होना चाहिए वह नहीं हो पा रहा है। मेरे प्रतापगढ़ संसदीय क्षेत्र में पुराने प्रस्तावों को रद्द करके नए-नए प्रस्ताव बना दिये हैं। वहां के विधायक एवं सांसदों के सुझावों पर कोई काम नहीं हो पा रहा है जबकि केन्द्र सरकार के मानकों के मुताबिक इन जन-प्रतिनिधियों की राय एवं सुझाव लेना परम आवश्यक है।

सदन के माध्यम से अनुरोध है कि प्रतापगढ़ जिला के ग्रामीण विकास कार्यों की समीक्षा के लिए केन्द्र सरकार अपना एक दल तत्काल भेजे।

____